दिनांक : 12.03.2025 समय : 02.10pm

**प्रदेश बजट**

विधानसभा में आज वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 4 लाख 21 हजार 32 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। बजट में कोई भी नया कर नहीं लगाया गया और न ही किसी भी कर की दर को बढाया गया है। वित्त मंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि सरकार का लक्ष्य विकसित मध्य प्रदेश बनाना है। बजट का फोकस गरीब कल्याण, युवा शक्ति, अन्नदाता किसान और नारी शक्ति पर है। वित्त मंत्री ने कहा कि किसानों के लिए प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना के अंतर्गत **447 करोड़ रुपए** और अटल गृह ज्योति योजना के अंतर्गत **7,132 करोड़ रुपए का प्रावधान किए गए हैं।** 5 एच.पी. के कृषि पम्पों/थ्रेशरों और एक बत्ती कनेक्शन को नि:शुल्क विद्युत प्रदाय के लिए **5299 करोड़ रुपए के साथ** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत **2001 करोड़ रुपयों का प्रावधान किया गया है।** बजट में सिंचाई सुविधा के विस्तार हेतु सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण व संधारण के लिये 17 हजार 863 करोड़ रुपए बजट में रखे गए हैं।

वितमंत्री ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों के लिए यूनिफाइड पेंशन योजना लागू किए जाने की प्रक्रिया पर विचार करने उच्चस्तरीय समिति गठित होगी। एक अप्रैल 2025 से सातवें वेतनमान के महंगाई भत्ते का पुनरीक्षण किया जाएगा। वाहन स्क्रैप योजना को प्रोत्साहित करने के लिए नई गाड़ी खरीदने पर परिवहन वाहन के लिए मोटर व्हीकल टैक्स में 15 और गैर परिवहन वाहन के लिए 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। प्रदेश के 39 नए औद्योगिक क्षेत्रों में तीन लाख नौकरियां मिलेंगी। प्रदेश में 22 नए आईटीआई खोले जाएंगे।

सीएम युवा शक्ति योजना के तहत हर विधानसभा क्षेत्र में स्टेडियम बनाया जाएगा। डिजिटल यूनिवर्सिटी और राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय खोले जाएगें। धार में डायनासोर जीवाश्म राष्ट्रीय उद्यान और डिंडोरी में जीवाश्म राष्ट्रीय उद्यान शुरू होंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि लाड़ली बहना योजना की हितग्राहियों को अटल पेंशन योजना से जोड़ेंगे। हितग्राहियों को केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा योजना से भी जोड़ा जाएगा।

गौ शालाओं में गायों के आहार के लिए रोज प्रति गाय 20 रुपये से बढ़ाकर 40 रुपये किए गए। राष्ट्रीय उद्यान और बफर क्षेत्र में वन्य जीव प्राणी-मानव संघर्ष को रोकने के लिए 3000 किलोमीटर फेंसिंग की जाएगी। स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए सीएम केयर योजना और परिवहन के लिए मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा शुरू होगी। मुख्यमंत्री कृषक उन्नति योजना शुरू होगी। देवी अहिल्या कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत होगी। श्री देवड़ा ने कहा कि प्रदेश में एक लाख किमी सड़क बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 12 वर्षों में नवीकरणीय ऊर्जा के उत्पादन में 14 गुना वृद्धि हुई है।

**बजट प्रतिक्रिया**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बजट को हर वर्ग के विकास और विश्वास का बजट बताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूरा करने के लिए राज्य सरकार ने भी विकसित मध्यप्रदेश 2047 का विजन रखा है और प्रदेश का यह बजट उस संकल्प को प्राप्त करने की ओर अग्रसर है।

**वहीं पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ ने बजट को जनहित के मुद्दों से दूर बताते हुए कहा कि इसमें चुनाव में किये गये वादों का कोई जिक्र नहीं है।**

**समाचार संक्षेप में :–**

- नर्मदापुरम जिले के कृषि विज्ञान केंद्र, बनखेड़ी में आत्मा योजना के तहत जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला का आयोजन आज किया जा रहा है।

…………………